ग्वालियर में 1199 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

15 सितंबर, 2022 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ग्वालियर में विकास के नए आयाम के रूप में जुड़ने जा रहे एलीवेटेड रोड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल और 122 किमी. लंबी 7 सड़कों सहित लगभग 1199 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कई घोषणाएँ भी कीं। ये घोषणाएँ हैं-
    - ग्वालियर शहर में स्वर्ण रेखा नदी पर दोनों चरणों का एलीवेटेड रोड अत्याधुनिक मलेशिया से आई नई तकनीक के साथ बनाया जाएगा। एलीवेटेड रोड के दोनों चरण के टेंडर एक साथ निकाले जाएंगे।
    - 6 लेन का आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा और मात्र तीन घंटे में दिल्ली से ग्वालियर की दूरी तय की जा सकेगी। लगभग 87 किमी. लंबे इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण लगभग 2500 करोड़ रुपए की लागत से होगा।
    - आगरा-ग्वालियर एक्सप्रेस-वे के किनारे लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की जाएगी।
    - ग्वालियर-आगरा के पुराने मार्ग का जीर्णोद्धार कर फोरलेन सीमेंट कंक्रीट मार्ग बनाया जाएगा।
    - ग्वालियर-भिंड-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग 1200 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन मार्ग में तब्दील किया जाएगा। मुरैना से सबलगढ़ तक 300 करोड़ रुपए की लागत से 72 किमी. लंबा फोरलेन सड़क मार्ग बनाया जाएगा।
    - ग्वालियर शहर में फूलबाग से किले तक 120 करोड़ रुपए की लागत से रोप-वे का निर्माण कराया जाएगा। इससे ग्वालियर के पर्यटन विकास में नए आयाम स्थापित होंगे।
    - ग्वालियर में जलालपुर-बरौआ के बीच नया रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। आरओबी के निर्माण से जलालपुर एवं बरौआ सहित लगभग 2 दर्जन गाँव को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही शनिश्चिरा मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी आवागमन में आसानी रहेगी।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि इंक्यूबेशन सेंटर का निर्माण कर ग्वालियर को फिर से औद्योगिक हब बनाया जाएगा। यहाँ पर आद्योगिक निवेश के साथ पर्यटन, मेडिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने का काम भी किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-and-foundation-stone-of-development-works-worth-rs-1199-crore-in-gwalior